### संभावना गतिविधि में राई और बैगा करमा नृत्य की प्रस्तुति

# द्रौपदी लीला-नाट्य ने दिखाई धर्म संघर्ष और साहस की गाथा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के तहत रविवार को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रहाल कुर्मी एवं साथी, सागर द्वारा राई नृत्य, दयाराम रठुरिया एवं साथी, डिंडोरी द्वारा बैगा जनजातीय करमा नृत्य तथा प्रियंका शर्मा, भोपाल के निर्देशन में द्रौपदी लीला-नाट्य की प्रस्तुति दी गई।



भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में प्रतिष्ठित पंचकन्याओं के जीवन, संघर्ष, त्याग, साहस और आदर्शों पर आधारित प्रस्तुतियों की श्रृंखला तैयार की जा रही है। इसी क्रम में द्रौपदी के जीवन प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा निर्देशित की गई। इसमें संगीत संयोजन श्री सीताराम सिंह, पटना तथा आलेख योगेश त्रिपाठी, रीवा का रहा।

कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे ने किया। द्रौपदी लीला-नाट्य में यज्ञ की अग्नि से जन्मी द्रौपदी के जीवन संघर्षों को प्रस्तुत किया गया। कथा में उनके स्वयंवर से लेकर पांडवों की पत्नी बनने, हस्तिनापुर के राजपरिवार का हिस्सा बनने और द्यूतसभा में हुए अपमान तक के प्रसंगों को दर्शाया गया। द्रौपदी का वह प्रश्न कि जिसे स्वयं पर अधिकार नहीं, वह उसे कैसे दांव पर लगा सकता है, राज व्यवस्था और धर्म की अवधारणाओं को चुनौती देने वाला प्रसंग बताया गया।

प्रस्तुति में वस्त्रहरण के प्रयास के दौरान श्रीकृष्ण के संरक्षण, वनवास, अज्ञातवास और कुरुक्षेत्र युद्ध के प्रसंगों को भी मंचित किया गया। युद्ध के बाद पुत्रों की मृत्यु और व्यक्तिगत पीड़ा के बावजूद द्रौपदी के धर्म, क्षमा और जीवन की जटिल सच्चाइयों से सामना करने की कथा को प्रभावी रूप से दिखाया गया।

एक घंटे 40 मिनट की इस प्रस्तुति में 45 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया।

लीला-नाट्य में 12 से अधिक दृश्यों के माध्यम से द्रौपदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया। जनजातीय संग्रहालय में प्रत्येक रविवार दोपहर 2 बजे आयोजित होने वाली संभावना गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों और सात प्रमुख जनजातियों की विविध कला परंपराओं के साथ देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने और समझने का अवसर आम लोगों को मिलता है।

# राज्य स्तरीय लक्ष्य मंथन योगासन प्रतियोगिता का द्वितीय क्वालिफाइंग चरण संपन्न

**नईदुनिया ब्यूरो, भोपालः** योग, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सामाजिक चेतना के व्यापक प्रसार के उद्देश्य से लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा योग आयोग, मध्य प्रदेश शासन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित राज्य स्तरीय 'लक्ष्य 'मंथन' योगासन प्रतियोगिता' के प्रारंभिक दौर का द्वितीय क्वालिफाइंग चरण आज, 06 सितंबर को सेंट अर्नोल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, स्कीम नं. 74, विजय नगर, इंदौर में संपन्न हुआ।





प्रतियोगिता के भव्य उद्घाटन समारोह में प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं खेल जगत की प्रमुख हस्तियां गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराते हुए मंच पर विराजमान हुईं। मुख्य अतिथियों में पद्मश्री भालू मोंढे जी, रेनेसां विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सीए स्वप्निल कोठारी जी, उपायुक्त जीएसटी श्री कुमार अभिषेक खरे, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनीष यादव जी, श्री एल्मार जाधव तथा मनोज गर्ग जी सहित अनेक विशिष्टजन सम्मिलित हुए। अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने पर बल देते हुए इसे स्वास्थ्य, अनुशासन और संतुलन का आधार बताया।

लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नन्दवाल ने आयोजन के संदर्भ में बताया कि संस्था पर्यावरण एवं जल संरक्षण के साथ-साथ स्वस्थ व तनावमुक्त जीवनशैली के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत युवाओं को सशक्त मंच देने के लिए यह प्रतियोगिता कुल तीन चरणों में आयोजित की जा रही है। पिछले रविवार के सफल समापन के बाद आज दूसरा क्वालिफाइंग चरण इसी स्थल पर आयोजित किया गया। अब दोनों चरणों के श्रेष्ठ चयनित प्रतिभागी 12 सितंबर को बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स, इंदौर में आयोजित होने वाले भव्य फाइनल राउंड में भाग लेंगे। आज के मुकाबले में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों, योग महाविद्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों, संस्थाओं और व्यक्तिगत, 100 से अधिक योग साधकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले चरण में 14 से 20 वर्ष के आयु वर्गों में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत वर्ग के साथ-साथ दो साधकों की जोड़ी (पेयर) बनाकर संगीत की धुन पर अपने योगासनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रतिभागियों ने निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कठिन आसनों का तय क्रम में प्रदर्शन किया, वहीं जोड़ी वर्ग में दोनों साधकों ने संगीत की लय पर पूर्ण तालमेल, समान गति और शारीरिक संतुलन का शानदार समन्वय प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता का संचालन एवं मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की योग निर्णायक परीक्षा उत्तीर्ण व अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायकों ने आसनों की शुद्धता, लचीलापन, शारीरिक संतुलन, तकनीक, प्रस्तुति शैली और संगीत के साथ समन्वय के आधार पर प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए। पूरा कार्यक्रम खेल नियमों और सुरक्षा मानकों के पूर्ण पालन के साथ संपन्न हुआ। समारोह के समापन पर आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्यों डॉ. हेमंत शर्मा, अनिल अग्रवाल, सुश्री रौनक सोनी, प्रेम दुआ, मनोज वर्मा एवं चंद्रशेखर तिवारी आदि ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा 12 सितंबर को बास्केटबाल कॉम्प्लेक्स में होने वाले अगले फाइनल राउन्ड के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



### एआई कैमरों से होगी यात्रियों की निगरानी, चेयरमैन ने की तैयारियों और विकास कार्यों की समीक्षा

# सिंहस्थ के दौरान चलेंगी 125 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें

**नईदुनिया ब्यूरो, भोपाल/इंदौरः** उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ-2028 के लिए रेलवे ने यात्री परिवहन और सुरक्षा की तैयारियां अभी से तेज कर दी हैं। देशभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को देखते हुए रेलवे 125 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना पर काम कर रहा है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने रविवार को इंदौर पहुंचकर तैयारियों और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। चेयरमैन कुमार ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान यात्रियों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त ट्रेनों का इंतजाम किया जाएगा। इस दौरान 125 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे की कोशिश रहेगी कि श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा के साथ अतिरिक्त किराए का बोझ न उठाना पड़े। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ की भीड़ को देखते हुए इंदौर और आसपास के शहरों के बीच रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इंदौर से अलग-अलग शहरों के लिए वर्तमान में चल रही कुछ स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने की मांग पर रेलवे प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। उनका कहना है कि यदि इन ट्रेनों को नियमित किया जाता है तो इंदौर के यात्रियों को स्थायी रेल कनेक्टिविटी मिलने के साथ सिंहस्थ के दौरान अतिरिक्त यात्री दबाव संभालने में भी मदद मिल सकती है।

चेयरमैन ने इंदौर रेलवे स्टेशन, शास्त्री ब्रिज और आसपास चल रहे रेलवे विकास कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन रीडेवलपमेंट, यात्री सुविधाओं और इंदौर से जुड़े प्रमुख रेल प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने इंदौर-मनमाड़, इंदौर-खंडवा और इंदौर-उज्जैन रेल सेक्शन के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने जून 2025 में भी इंदौर स्टेशन का रिव्यू किया था। उस समय की तुलना में अब स्टेशन के विकास कार्यों में काफी बदलाव आया है। आगे यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं देने के लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं की जा सकती हैं, इस पर भी चर्चा की जाएगी। स्टेशन विकास की रूपरेखा जनरल मैनेजर और उनकी टीम के साथ साझा की गई है। इसे रेलवे बोर्ड के स्तर पर भी प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि जरूरी फैसले लेकर काम को गति दी जा सके।

रेलवे बोर्ड चेयरमैन ने शास्त्री ब्रिज का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ब्रिज पर वर्तमान यातायात और आने वाले समय में बढ़ने वाले दबाव को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा की।

## होम्योपैथी शोध में मप्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रो. (डॉ.) अश्विनी कुमार द्विवेदी को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ होम्योपैथिक केस रिपोर्ट्स के संपादकीय मंडल में 2026 से 2031 तक सदस्य नियुक्त किया गया है।



वे 2015 से केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय से जुड़े हैं। नई जिम्मेदारी में वे शोध-पत्र, समीक्षा लेख और रोग-प्रकरण रिपोर्ट के मूल्यांकन में योगदान देंगे। डॉ. द्विवेदी का एनीमिया जागरूकता अभियान भी प्रदेश में संचालित है, जिसके तहत पोषण और संतुलित खान-पान को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## सूडोकु नवताल- 7893

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7892 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7566



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 7565 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8974




**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**


1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

### शब्द पहेली -8973 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7405



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नाडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7404



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7499

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | | 1 | 6 | |
| | 23 | 1 | 26 | | 40 | |
| | | 3 | 4 | 5 | | 7 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| 7 | 6 | 5 | | 3 | | |
| | 47 | | 35 | 7 | 26 | 2 |
| | 7 | 6 | | | 4 | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7498 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 2 | 31 | 7 | 31 | 4 | 28 | 2 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 37 | 6 | 33 | 6 | 29 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 3 | 29 | 5 | 32 | 7 | 40 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 8519

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | ल | र | बु | दा | प | र | तू | ग | झ | न |
| ज | अ | ल | ध | आ | प्लू | टो | ब | त | शा | र |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ल | ढ | र | ला | ई |
| श | म | अ | प | बे | र | क | फ | ह | र्ष | ल |
| स | नि | श | र | व | के | तु | इ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | च | व | लि | र्त | रा | ती | प | गु |
| जो | गा | ल | प | गा | प | म | हू | कौ | या | रु |
| चं | बा | शु | ऋ | त | क | छ | प्रे | ग | श | थ |
| द्र | स | मि | व | व | न | ज | न | शा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| थो | औ | प | ग | र | मं | ग | ल | दु | र | क |

शब्दजाल में दस 'ग्रहों' के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

शनि, बुध, गुरु, शुक्र, चंद्र, मंगल, राहू, केतु, हर्षल, प्लूटो

### शब्दजाल - 8518 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore